सूचना

मेरी धर्मपत्नी चंद्रकला की बच्चे को जन्म देते समय मुरादाबाद अस्पताल में दिनांक 16 अप्रैल 2021 को मृत्यु हो गयी थी। जानकारी के अभाव में मृतक चंद्रकला का मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत चंदनपुरा तहसील बाजपुर से बनवा लिया था जो कि गलत था। मैं अब यह प्रमाण पत्र संख्या डी-2021: 5-07362-000007 को निरस्त कराना चाहता हूं। **रमेश सिंह पुत्र राम सिंह, निवासी-ग्राम चंदनपुरा तहसील बाजपुर, जनपद उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड।**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

विद्युत वितरण खण्ड, रामनगर (नैनीताल)

क्र.सं. 1, **ई निविदा संख्या**- ई.डी.डी.(आर/ई-निविदा 15/2021-22) **सामग्री का नाम**- विद्युत वितरण खण्ड रामनगर के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में अधिशासी अभियन्ता के उपयोग हेतु एक नग डीजल चालित जीप मय चालक सुविधा सहित एक वर्ष में किराये पर लेने का कार्य। **निविदा प्रपत्र मूल्य जीएसटी सहित (रु.) (बैंक ड्राफ्ट)**- 295.00, **धरोहर धनराशि (रु. में) (एन.एस.सी./एफ.डी. आर/सीडीआर)**- 0.00, **ई निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय**- 09-08-2021 (17.00 बजे तक), **ई निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय**- 10-08-2021 (11.00 बजे तक) **ई निविदा भाग-1 खुलने की तिथि एवं समय**- 10-08-2021 (12.30 बजे)

निविदा भाग-1 में पी.क्यू.आर. की शर्तें पूर्ण करने वाले निविदाकार का ही भाग-2 अलग से तिथि निर्धारित करते हुये खोला जायेगा।

कार्य की मदें एवं शर्तें विभागीय वैबसाइट www .uktenders .gov .in **पर देखी जा सकती है।**

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

''विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें''

Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org

अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, रामनगर (नैनीताल)

संख्या:2933 दिनांक: 23.07.2021

सीएसआईआर नेट की तैयारियों पर चर्चा

बाजपुर महाविद्यालय में पांच दिनी गणित व्याख्यानमाला का समापन

उत्तर उजाला संवाददाता

बाजपुर। राजकीय महाविद्यालय बाजपुर में आयोजित पांच दिवसीय गणित व्याख्यानमाला के अंतिम दिन राजकीय महाविद्यालय अतरौली अलीगढ़ के डॉ. भगवान सिंह यादव ने छात्र छात्राओं को सीएसआईआर नेट की तैयारियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। गणित व्याख्यानमाला आयोजन समिति के सचिव डॉ. सूरज पाल सिंह ने बताया कि पिछले पांच दिनों से राजकीय महाविद्यालय बाजपुर में चल रही ऑनलाइन गणित व्याख्यानमाला का आज विधिवत समापन हो गया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन व्याख्यानमाला के अंतिम दिन राजकीय महाविद्यालय अतरौली अलीगढ़ के डॉ. भगवान सिंह यादव ने छात्र छात्राओं को सीएसआईआर नेट की तैयारियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्र छात्राओं को सीएसआईआर को लेकर भी ऑनलाइन रहे छात्र छात्राओं की जिज्ञासाओं को सुना और उनका व्यावहारिक उत्तर दिया। समापन आयोजन के सचिव डा. सूरज पाल सिंह ने बताया कि इससे पूर्व 19 जुलाई ऑनलाइन गणित व्याख्यानमाला पहले दिन जामिया मिल्लिया इस्लामिया के डॉ. रविनस दोहरे ने छात्र छात्राओं को संख्यात्मक तकनीकी को सरल बनाने का तरीका बताया। दूसरे दिन गलगोटिया इंजीनियरिंग कालेज के डॉ. पदम सिंह ने छात्र छात्राओं को नये गणितीय साफ्टवेयर से समस्याओं को हल करना बताया। तीसरे दिन गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के डॉ. रुद्रमन ने छात्र छात्राओं को ऑपरेशन रिसर्च के इतिहास को विस्तार से बताया और ऑनलाइन उदाहरण देकर मॉडल बनाना भी सिखाया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन के चौथे दिन गुरुकुल कांगडी के डॉ. लोकेश कुमार जोशी ने छात्र छात्राओं को लीनियर प्रोग्रामिंग के माडल को हल करना सिखाया। डॉ. सूरज ने बताया कि इस आर्नलाइन व्याख्यानमाला से मिली जानकारी को लेकर विद्यालय के छात्र वर्ग में गहरा हर्ष बना हुआ है। छात्रों ने प्रबंधन से इस प्रकार के आयोजनों को नियमित अंतराल पर कराने की मांग उठायी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कमला चन्याल, डॉ. अतुल उप्रेती व डॉ. सूरजपाल सिंह ने गणित व्याख्यान माला में प्रतिभाग करने वाले सभी गणितज्ञों का आभार व्यक्त किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना सं. सी0/434/जेटीबीएस/पत्राचार/इज्जत0/2020 दिनांक 22.07.2021

यह आवेदन नौकरी के लिये नहीं है

स्टेशनों पर जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) की सुविधा प्रदान कराये जाने हेतु भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मडल वाणिज्य प्रबन्धक इज्जतनगर पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा इज्जतनगर मंडल के अन्तर्गत यूटीएस के माध्यम से कम्पयूट्रीकृत अनारक्षित टिकट जारी करने के लिये मंडल के निम्न प्रमुख 22 सेवित स्टेशनों पर 754 जेटीबीएस आवटंन हेतु आवेदन आमत्रित किये जाने है। जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक जेटीबीएस के आवंटन हेतु निर्धारित नियम/शर्तों एवं ऐसी शर्तो जो समय समय पर लागू होंगी, को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। आरक्षण क्राइटेरिया मौजूदा नियम के अनुसार लागू होगा। स्टेशनों का विवरण निम्न प्रकार है। **कार्य का नाम – रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) का आवंटन। जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक जेटीबीएस हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशनों के नाम निम्न प्रकार हैः**- 1. फर्रुखाबाद, 2. काशीपुर, 3. पीलीभीत, 4. बदायूँ, 5. कन्नौज, 6. किच्छा, 7. काठगोदाम, 8. रूद्रपुर सिटी, 9. फतेहगढ़, 10. हल्द्वानी, 11. रामनगर, 12. बहेड़ी, 13. भोजीपुरा, 14. हाथरस सिटी, 15. मथुरा छावनी, 16. कायमगंज, 17. कासगंज, 18. लालकुआं, 19. गंजडुंडवारा, 20. बरेली सिटी, 21. गुरसहायगंज, 22. टनकपुर, **ठेके की अवधिः**- तीन वर्ष हेतु।, **आवेदन पत्र का मूल्यः**- रु0 500/- (रूपया पांच सौ मात्र) प्रत्येक स्टेशन हेतु अलग अलग होगा।, **बयाना राशिः**- रु0 5000/- (रुपया पांच हजार) प्रत्येक स्टेशन हेतु अलग अलग होगा। जो वित्त सलाहकार मुख्यलेखा अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे-इज्जतनगर के पक्ष में जारी हो।, **आवेदन प्रपत्र बिक्री एवं समयः**- मंरेप्र (वा) कार्यालय से कार्यालय दिवस में प्रकाशन की तिथि से दिनांक 18.08.2021 तक, समय 10.00 से 16.00 बजे तक।, **आवेदन पत्र निविदा बाक्स में डालने की तिथि एवं समयः**- दिनांक 12.08.2021 से 19.08.2021 तक 14.00 बजे तक कार्यालय दिवस में।, **निविदा खुलने की तिथि एवं समयः**- दिनांक 19.08.2021 को 16.00 बजे।, अधिसूचना एवं आवेदन पत्र नियम एवं शर्तें वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं। जो व्यक्ति आवेदन पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर आफर देना चाहिते हैं उन्हें आवेदन पत्र का मूल्य एवं बयाना राशी का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे-इज्जतनगर के पक्ष में आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र का मूल्य एवं बयाना राशि संलग्न न होने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्रों को बिना कोई कारण बताये निरस्त/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक

मुजाधि/वा0-30 **इज्जतनगर**

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय नगर पालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक-302/X-6 दिनांक: 19.07.2021

नोटिस

1. श्री फखरूद्दीन अली पुत्र श्री सिराजुद्दीन निवासी-मकान नं. 4385-92/चौथा फ्लोर, गली नं. 4-ए, अंसारी रोड, नई दिल्ली, दरियागंज, दिल्ली-110002। (पंजीकृत)
2. श्री नदीम अहमद एवं श्री जमीर अहमद पुत्रगण श्री रईस अहमद निवासी-राजमहल होटल कम्पाउण्ड, मल्लीताल नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र **संख्या 3 राजमहल होटल कम्पा. म.ताल नैनीताल में स्थित एक किता भवन के तीसरी मंजिल में स्थित फ्लैट, जिसका क्षेत्रफल 24.16 व वर्गमीटर है, के** सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर, सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाये।

पंजीकृत दाननामा लेखपत्र एवं मानचित्र **दिनांक 19.07.2016** की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित स्वामी **श्री नदीम अहमद एवं श्री जमीर अहमद पुत्रगण श्री रईस अहमद** के संयुक्त नामों से काटकर **श्री फखरूद्दीन अली पुत्र श्री सिराजुद्दीन** का नाम अंकित करने एवं स्वामी के रुप में दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अत: उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामिल के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरित को प्रेषित करें तथा अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो, का अधिप्रमाणीकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी

दो कछुआ तस्कर दबोचे

सितारगंज। वन विभाग की टीम ने कछुए की तस्करी करते हुए दो शिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। वन टीम ने बरामद कछुए को नानकसागर जलाशय में ले जाकर छोड़ दिया और अवैध शिकार के आरोपियों को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया। डप्टी रेंजर धीरेंद्र पंत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी जेपी डिमरी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने शक्तिफार्म जेलकैंप मार्ग पर सिडकुल तिराहा के पास बाइक यूके06एटी-8830 सवार दो युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से जीवित भारतीय मृदु शल्क कछुआ बरामद हुआ। इस पर दोनों को रेंज कार्यालय ले आए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शक्तिफार्म नंबर दो गुरुग्राम निवासी प्रणव वैद्य व अजय मंडल बताया।

इस पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें खटीमा के अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पंत ने बताया कि बरामद कछुए को नानकमत्ता जलाशय में सुरक्षित छोड़ दिया है। आरोपियों ने बताया कि वह कछुए का शिकार कर उसका व्यापार करते हैं। टीम में वन दरोगा सुखवंत सिंह, राजेंद्र सिंह, सोनू कुमार, रामचंद्र निषाद, भूपाल सिंह आदि थे।

कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बेहड़ का जोरदार स्वागत

उत्तर उजाला ब्यूरो

रुद्रपुर। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिलकराज बेहड़ के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके निवास स्थान आवास विकास में कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। बेहड़ ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बननी तय है। प्रदेश की जनता में भाजपा के लिए भारी नाराजगी है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश को 4 साल में 3 मुख्यमंत्री दिए हैं, भाजपा ने प्रदेश का विकास छोड़कर अपनी पार्टी में मुख्यमंत्रियों का विकास किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, किच्छा नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, सुमित्तर भुल्लर, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, बबलू चौधरी, विनोद कोरंगा, प्रेम आर्य, मोहन पांडेय, जगदीश तनेजा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, सुभाष बेहड़, प्रीत ग्रोवर, विजय यादव, मेजर सिंह, राम बाबू सिंह, मोनू निषाद, विहाय यादव,

बेहड़ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर स्वागत करते कांग्रेसी

सिद्धार्थ भुसरी, मेहुल शर्मा, चेतन भट्ट, अरुण पांडेय, विकास मालिक, रीना कपूर, वरुण कपूर, शरीफ अहमद, आरिफ, मनवीर सिंह, नवाब सिंह, अजय यादव, इंदरपाल सिंह, मनीष चिटकारा, दीप हंसपाल, कुलदीप सिंह, नितिन कुमार, रोहित, आकांक्षा, रोहित शर्मा, गौरांग दास, मोनिका ढाली, अशोक यादव समेत सेकड़ों लोग मौजूद रहे।

किच्छा। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर स्थित बेहड़ के कार्यालय पर तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित करते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान बेहड़ के पुत्र गौरव बेहड़ के नेतृत्व में मिठाई बांटी गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, बबलू चौधरी, ओमप्रकाश दुआ, सतपाल गावा, केवल हुड़िया, अशोक मित्रा, इंद्रपाल सिंह रूबल, आरिफ खान, परविंदर सिंह, कुलदीप सिंह लक्की, जावेद मलिक मौजूद रहे।

शांतिपुरी। कांग्रेस प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा की अगुवाई में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ से मुलाकात कर कांग्रेस कमेटी का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी।

सड़क दुर्घटना में बंगाली समाज के नेता का निधन

उत्तर उजाला संवाददाता

सितारगंज। दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हल्द्वानी निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। दूसरे युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गुरुवार रात आठ बजे बैकुंठपुर के पूर्व प्रधान और भाजपा के पूर्व शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष श्यामल सरकार (50) पुत्र निरापद बाइक से पड़ोस के पांच क्वार्टर गांव गए थे। घर लौटते समय विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से उनकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इससे श्यामल सरकार व दूसरी बाइक में सवार हाल पांच क्वार्टर निवासी विश्वजीत मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजन सितारगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें हायर सेंटर रिफर कर दिया गया। पूर्व विधायक नारायण पाल के पुत्र निर्भय पाल अपने वाहन से पूर्व प्रधान को लेकर हल्द्वानी के एक निजी चिकित्सालय पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी पर रात से ही उनके आवास पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।

हादसे में दूसरे युवक की हालत गंभीर

यूएसनगर में कोरोना के 13 नये मामले

रुद्रपुर। कई दिनों से कोरोना संक्रमण का ग्राफ जो नीचे जा रहा था। वह आज काफी ऊपर चढ़ गया है। आज ऊधमसिंहनगर जनपद में 13 कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने से दहशत फैल गई। ज्ञातव्य है कि कई दिनों से कोरोना संक्रमण शून्य चल रहा था। आज जिले में कोरोना के 13 नये मरीज पाये गये हैं। जबकि 3 लोग ठीक हुए हैं। आज 4 मरीजों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जिला नोडल अधिकारी डा. अविनाश खन्ना ने बताया कि आज जनपद में 18-44 वर्ष तक के 135 युवाओं को कोविशील्ड की पहली व 157 को दूसरी डोज दी गयी है। जबकि, 20 युवाओं को कोवैक्सीन की दूसरी डोज दी गयी है। डा. खन्ना ने बताया कि आज 45-60 वर्ष तक के 538 लोगों को पहली डोज व 2374 को दूसरी डोज दी गयी है। 60 वर्ष से अधिक आयु के 114 लोगों को पहली डोज व 1307 लोगों को दूसरी डोज दी गयी है।

घर-घर पहुंच शिक्षण कार्य में जुटे शिक्षक

गदरपुर। एक तरफ कोरोना काल में जहां सभी राजकीय उच्च माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय बन्द है। वहीं, दूसरी तरफ कुछ ऐसे भी शिक्षक हैं जो बच्चों के भविष्य के प्रति चिन्तित हैं। इस क्रम में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मदनापुर के अध्यापक ब्रजेश कुमार दुबे जुटे हुए हैं। जिसमें उनके द्वारा विद्यालय के अन्य अध्यापकों को साथ लेकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के घर-घर जाकर शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के कई विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के पास न तो मोबाइल की सुविधा है और न ही नेटवर्क की मौजूदगी है। ऐसे में ऑनलाइन शिक्षण कार्य कराना काफी मुश्किल हो गया है। लेकिन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मदनापुर के अध्यापक ब्रजेश कुमार दूबे ने विद्यालय के अध्यापकों के साथ गांव में घूम-घूम कर बच्चों को पढ़ाने में जुटे हुए हैं। इस दौरान गाइड लाइन का पालन करने को लेकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इस कार्य में सहायक अध्यापक असीमदास, तुलिका राय व जानकी देवी सहयोग कर रहे हैं।

कार्मिकों का क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बाजपुर। विकास खण्ड सभागार में ग्राम प्रधानो, ग्राम पंचायत सदस्यों एवं रेखीय विभागों के अधिकारियों, कार्मिकों का क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ एमसी जोशी ने बताया कि ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को पर्यावरण एवं जन कल्याण समिति किच्छा द्वारा क्षमता विकास प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर लंकुरा से सुरजीत सिंह, हरिपुरा से शान्ति देवी, पहाड़पुर से हरपाल सिंह, हरसान से बाबू सिंह, महेशचंद्र, विमला, राहुल शर्मा, अनिल, जगदीश, सर्वेश कुमार, अभय सिंह, गिरीश आर्य सहित तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीण जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

सिने अभिनेता हिमेश का मनाया जन्मदिन

गदरपुर। मशहूर फिल्म निर्माता एवं सिने अभिनेता हिमेश रेशमियां का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को शिशु मन्दिर रोड निवासी रोहित ठाकुर उर्फ हिमेश के आवास पर सिने अभिनेता रेशमियां का 48वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काटा कर अभिनेता के दीर्घायु की कामना की गई। रोहित ने बताया कि हिमेश को 50वें जन्मदिवस पर गदरपुर आने के लिए आमन्त्रित किया जायेगा। इस अवसर पर सभासद ऋ षभ कंबोज, सुमित सिंह, राजू वाल्मीकि, सुरेश कालड़ा, मनीष कुमार, लाल देव आदि थे।

बाजपुर महाविद्यालय में लगाए पौधे

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में हरेला सप्ताह के अंतिम दिवस एनएसएस स्वयंसेवकों सेवकों ने परिसर में वृहत पौधरोपण किया। महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनप्रीत सिंह ने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवक सेविकों ने परिसर में अशोक, बॉटल पॉम, सहित विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कमला चन्याल ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन के दौरान पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज हमारा भू मंडल बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। पर्यावरण असंतुलन के कारण ओजोन की परत लगातार कमजोर होती जा रही है और

इसी का नतीजा है कि सूर्य की विषैली किरणें पृथ्वी के तापमान को लगातार बढ़ा रही हैं। उन्होंने छात्रों को बताया कि ताममान का असंतुलित होना, बाढ़ सूखा सहित तमाम पर्यावरणीय परेशानियां इसी कारण उपज रही हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे मुल्कों को छोड़ कर यदि हम अपने देश को ही लें तो आज हमारे सभी ग्लेशियर पिघलने की कगार में पहुंचे हैं। उन्होंने नई पीढ़ी के नौजवानों से सवाल किया कि यदि उन्होंने अपने भूलोक की चिंता नही की तो इस लोक पर रहना मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाने व उनका संरक्षण भी करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रो. सत्यप्रकाश शर्मा, डॉ. जया काण्डपाल, डॉ. ब्रजेश कुमार जोशी, डॉ. दर्शना पंत, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, आदर्श चौधरी, संजयपाल, मोहन सिंह रौतेला, संजीव सिंह, दिनेश कुमार सहित तमाम महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

सूचना

मेरी फर्म कोमल फ्रूट हाउस- **B-11,** की **6R, Book** संख्या 4820/01 से 09, तक प्रयोग एवं शेष 4820/10 से 100 तक तीन प्रतियों में अप्रयोग हुई **6R, Book** वास्तव में कहीं खो गयी है, जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **वास्ते- कोमल फ्रूट हाऊस B-11, नवीन मण्डी, हल्द्वानी**

सूचना

सूच्य है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा संचालित मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1970 अनुक्रमांक 125240 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **किशोरी लाल पुत्र श्री गंगाराम, निवासी- ग्राम व पोस्ट ऑफिस, कानियां, रामनगर (जनपद-नैनीताल)**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मै. मृगावती मिनरल्स, हीरानगर, हल्द्वानी, पत्रावली संख्या 00362 एच.ए. के साझीदार श्री अरविन्द गोयल पुत्र श्री प्रेम चन्द्र गोयल, निवासी टकाना पिथौरागढ़ ने अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है। उनके स्थान पर हरीमोहन अग्रवाल पुत्र डा. छोटेलाल अग्रवाल, निवासी गणपति विहार, मानपुर पश्चिम, हल्द्वानी साझीदार हो गये हैं। व्यवसाय पूर्ववत है। जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो उप निबंधक फर्म, सोसा. तथा चिट्स, हीरानगर, हल्द्वानी में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। **गिरीश चौधरी, साझीदार, मै. मृगावती मिनरल्स, हीरा नगर, हल्द्वानी**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अनुभवी, प्रतिष्ठित, ख्याति प्राप्त, आयकर, जी.एस.टी., ई.पी.एफ. में पंजीकृत एवं शासन से पंजीकृत ठेकदारों/ फर्मों/ एजेन्सियों से निम्न कार्य मय सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदायें पृथक-पृथक दो भागों में दिनांक 18.08.2021 के अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके मनोनीत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके मनोनीत अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के प्रपत्र भाग-1 में अधोहस्ताक्षरी के नाम प्रतिभूति धरोहर घोषणा पत्र रु. 100.00 (सौ रुपया मात्र) के स्टाम्प पेपर के रूप में होगी। सम्बन्धित कार्य का अनुभव अभिलेख एवं ई.पी.एफ. व जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण आदि होने चाहिए तथा दूसरे मुहरबन्द भाग में निविदा प्रपत्र दरें एवं अन्य शर्तें होनी चाहिए। धरोहर घोषणा पत्र तथा अन्य अभिलेखों के अभाव में निविदा का दूसरा भाग किसी भी दशा में नहीं खोला जाएगा। कटी फटी एवं शर्त सहित निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी। निविदा के साथ दरों की वैधता रु. 10/-के स्टाम्प पर देनी आवश्यक है।

क्रं. सं.	कार्य/सामग्री का विवरण	कार्य/आपूर्ति का समय	निविदा सं.	निविदा की धनराशि रु.
1.	विद्युत वितरण उपखण्ड-द्वितीय के अन्तर्गत 33/11/0.4 के.वी. लाईन जेल रोड चौराहा, हल्द्वानी को स्थानान्तरित किये जाने हेतु आपूर्ति सहित कार्य। **मद-जमा योजना**	01 माह	**EDD(T)/14/ 2021-22**	रु. 250.00 + रु. 30.000 (जी.एस.टी)

निविदा प्रपत्र जी.एस.टी. रजि. प्रमाण पत्र उपलब्ध करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 17.08.2021 तक निविदा की राशि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट से भुगतान किये जाने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं।

अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह निविदा को निरस्त कर सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले कार्य दिवस पर बेची व खोली जायेंगी।

नोटः-शासनादेश संख्या 121 वित्त (वे.आ.-सा.नि.) अनुभाग **-7/XXVII(7)21-32/2007** टी.सी. दिनांक 29 अप्रैल 2021 एवं मुख्यालय के मुख्य अभियन्ता कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय), देहरादून के पत्रांक सं. 136 दिनांक 18-05-2021 के निर्देशानुसार पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मो/एजेंसियां को निविदा प्रतिपूर्ति अथवा धरोहर धनराशि के स्थान में कार्य सम्पादन हेतु घोषणा पत्र देना होगा।

Customer Care Toll Free No. 1912

'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'

नोट - नोटिस बोर्ड।

अधिशासी अभियन्ता

विद्युत वितरण खण्ड (नगर) हल्द्वानी

संख्या: 2187 दिनांक: 23.07.2021

कार्यालय श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी

कार्यालय श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के अन्तर्गत शासकीय कार्यो के प्रयोगार्थ मासिक किराए पर डीजल चलित 02 वाहन (**BS** 6 माडल) लिए जाने हेतु सीलबंद अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण, निविदा प्रपत्र, शर्तें श्रम विभाग की अधिकारिक वेबसाईट **www.labour.uk.gov.in** में दिनांक 24.07.2021 को 11:00 **AM** से देखी जा सकती है।

ह./-

श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड नैनीताल

पत्रांकः- 468/ ग्रा.अ.से./निविदा सूचना/2019-20 दिनांक 22-07-2021

ई-आपूर्ति/अधिप्राप्ति सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न उपकरणों की आपूर्ति/स्थापना (विभागीय विशिष्टियों के अनुरूप) हेतु इच्छुक मूलनिर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से ऑनलाईन वैबसाइट **www.uktenders.gov.in** पर कोटेशन दिनांक 05.08.2021 को प्रात: 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त आपूर्ति हेतु बिड दिनांक 05.08.2021 को अपरान्ह 12:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख आनलाईन खोली जायेंगी। उक्त आपूर्ति की दरों हेतु ई-कोटेशन प्रपत्र/शैडयूल बी/बिल आफ क्वांटिटी दिनांक 22.07.2020 की सायं 5:00 बजे से दिनांक 05.08.2021 को प्रात: 10:00 बजे तक ऑनलाईन डाउनलोडिंग के लिए उक्त वैबसाईट पर उपलग्ध होगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रु.	धरोहर धनराशि रु.	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की अवधि	निविदा की वैधता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	नरेन्द्र अजय साह जगाती सरस्वती विद्या मंदिर नैनीताल में प्रयोगशाला सामग्री की आपूर्ति का कार्य।	2.55	5100.00	590.00+ G.S.T. सहित	01 माह	45 दिन	मूल निर्माता/ आपूर्तिकर्ता
2.	नरेन्द्र अजय साह जगाती सरस्वती विद्या मंदिर नैनीताल में फर्नीचर की आपूर्ति का कार्य।	2.55	5100.00	590.00+ G.S.T. सहित	01 माह	45 दिन	मूल निर्माता/ आपूर्तिकर्ता

कोटेशन से संबंधित शेष शर्तों की विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड नैनीताल

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय की निविदा संख्या ई.डी.डी.(आर.) 14/2021-22 जो दिनांक 04-08-2021 को खोली जानी प्रस्तावित है। अत: उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

''विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें''

Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, रामनगर (नैनीताल)

संख्या:2932 दिनांक: 23.07.2021

संस्था की मजबूती पर जोर

गदरपुर। कला साहित्य और संस्कृति को समर्पित संस्था संवाद की बैठक सचिव अंजू भुड्डी के आवास पर आयोजित की गई। कोरोना जैसी महामारी के प्रकोप के चलते करीब डेढ़ वर्ष की समयावधि के बाद संवाद संस्था की बैठक के आयोजन पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया। बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष प्रणव कुमार के सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा गदरपुर छोड़कर आगरा जाने पर आज शाम छह बजे पूर्व पालिकध्यक्ष अंजू भुड्डी के आवास पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राशिफल

मेष : कोर्ट-कचहरी के मामले में न पड़ें। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नए कार्य आज प्रारंभ कर सकेंगे।

वृषभ : संतान संबंधी शुभ समाचार मिलेंगे। मित्रों से भेंट होगी। आर्थिक रूप से लाभ होगा। संभलकर चलें।

मिथुन : दिन लाभदायी है। प्रगति का मार्ग खुलेगा। व्यापार में आय बढ़ने की संभावना है। बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा।

कर्क : वाणी और व्यवहार पर संयम रखें। व्यापार में विघ्न की आशंका है। मध्यान्ह बाद परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

सिंह : क्रोध और वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिजनों के साथ कलह के प्रसंग बन सकते हैं।

कन्या : दिन मनोरंजन में दिन बीतेगा। संबंध अच्छे रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आकस्मिक खर्च हो सकता है।

तुला : प्रत्येक कार्य में सफल होंगे। सुख और शांति बनी रहेगी। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक : भावुकता की अधिकता रहेगी। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

धनु : पारिवारिक जीवन में शांति रहेगी। निरर्थक वाद-विवाद न करें। क्षमता में वृद्धि होगी। छात्रों के लिए समय अनुकूल है।

मकर : आज आवश्यक निर्णय लेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात होगी। भाइयों के साथ संबंधों में निकटता आएगी।

कुंभ : क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। खान-पान में भी संयम बरतें। हाथ में आए हुए कार्यों को पूर्ण कर पाएंगे।

मीन : दिन शुभफलदायी है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। नए कार्य का शुभारंभ होगा। प्रवास या पर्यटन का योग है।